मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 25/07/2024

मुख्यमंत्री सचिवालय रांची
विज्ञप्ति संख्या -173/2024
25 जुलाई 2024
राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स), रांची
===========================

★ मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने रिम्स में इलाजरत झामुमो गिरिडीह जिला सचिव श्री महालाल सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली।

===========================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन आज राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के ट्रामा सेंटर एंड सेंट्रल इमरजेंसी वार्ड पहुंचकर वहां उपचार के लिए भर्ती झामुमो गिरिडीह जिला सचिव श्री महालाल सोरेन से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा कुशलक्षेम जाना। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने श्री महालाल सोरेन के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मुख्यमंत्री ने श्री महालाल सोरेन को चिकित्सा सेवा दे रहे डॉक्टर्स से उनके बेहतर इलाज से संबंधित बातचीत की।

मौके पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने ट्रामा सेंटर एंड सेंट्रल इमरजेंसी वार्ड में इलाजरत अन्य मरीजों से भी मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम पूछा तथा इलाजरत सभी मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य चिकित्सा लाभ उपलब्ध कराए जाने का निर्देश चिकित्सकों को दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिम्स प्रबंधन प्रतिबद्धता के साथ मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा प्रदान करे।

ज्ञातव्य है कि झामुमो गिरिडीह जिला सचिव श्री महालाल सोरेन पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे हैं तथा बेहतर इलाज हेतु रिम्स के ट्रामा सेंटर एंड सेंट्रल इमरजेंसी वार्ड में विशेषज्ञ चिकित्सकों की देख-रेख में इलाजरत हैं।

###

===========================

TeamPRD(CMO)